दिनांक- 21.06.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 236/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर - थाना कबरई

मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, काउंसलिंग उपरांत आपसी सहमति बनी...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

आज दिनांक 21/06/2026 को थाना कबरई पर आवेदिका मोहिनी पत्नी राजाराम, उम्र लगभग 24 वर्ष, निवासी ग्राम इंदिरा नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा द्वारा अपने पति राजाराम पुत्र परमेश्वरी, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी उपरोक्त के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट किए जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा समझाया-बुझाया गया।

काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी संवाद, संयम एवं पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया, जिसके फलस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज अथवा मारपीट न करने की सहमति व्यक्त की गई।

दोनों पक्षों द्वारा आपसी समझौते के आधार पर लिखित सहमति प्रदान की गई, जिसके उपरांत दोनों पक्षों को थाना हाजा से ससम्मान रुखसत किया गया।

उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है तथा महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

दिनांक- 21.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 237/26

महोबा पुलिस

❖ मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

❖ महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

* महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

* पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

* इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

* साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।